हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

18 अप्रैल 2026, समय 18:10

<u>मुख्य समाचार :-</u>

1. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी कर्मचारियों को महंगाई भत्ता और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत की अतिरिक्त किस्त जारी करने को मंजूरी दी।

2. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को मार्च 2025 के बाद मार्च 2028 तक जारी रखने को भी मंजूरी दी गई।

3. भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने महिला आरक्षण विधेयक पर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी की टिप्पणियों की निंदा की।

4. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ईएसआई स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए – गड़बड़ी करने वाले पानीपत के ईएसआई अस्पताल से जुड़े छह निजी अस्पतालों को तुरंत पैनल से हटाने को कहा।

5. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रात साढे आठ बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे।

*************************************************************************

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज सरकारी कर्मचारियों को महंगाई भत्ता और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत की अतिरिक्त किस्त जारी करने को मंजूरी दे दी है। यह इस वर्ष पहली जनवरी से प्रभावी होगी।
मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि महंगाई भत्ते में दो प्रतीशत वृद्धि की गई है।

*<u>हमारी केंद्र सरकार के जितने भी कर्मचारी हैं और जितने Pensioners हैं उनके लिए DA और DR बढ़ाया गया जिसकी total लागत भारत सरकार को आएगी ₹6791 crore. Basically DA and DR first Jan 2026 से 60% of basic pay हो जाए। 2% बढ़ा है 58 से 60 हुआ है। Total करीब 50 लाख employees हैं और 68 lakh pensioners हैं भारत सरकार। इन सबके लिए बहुत बड़ा यह beneficial award रहेगा।</u>*

श्री वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना -तृतीय को मार्च 2025 के बाद मार्च 2028 तक जारी रखने की भी मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि इसमें बस्तियों को ग्रामीण कृषि बाजारों, उच्च माध्यमिक विद्यालयों और अस्पतालों से जोड़ने वाले मुख्य मार्गों और प्रमुख ग्रामीण संपर्कों का समेकन शामिल है। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने मैदानी क्षेत्रों में सड़कों और पुलों के निर्माण की समय सीमा मार्च 2028 तक और पहाड़ी क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण की समय सीमा मार्च 2029 तक बढ़ाने को भी मंजूरी दी है।

*प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में बहुत तेजी वापस आई। आज उसका extension और allocation increase किया गया जिससे कि PMGSY3 अब हो गया 83,977 करोड़ rupees की scheme। पूरे program में अब तक करीब 8 लाख किलोमीटर सड़कें बनी। 10 हज़ार से अधिक bridges इसमें बने ग्रामीण क्षेत्रों में। 7 लाख से ज्यादा जो बड़े ग्रामीण क्षेत्रों में important infra points होते हैं community के वो सब इससे connect हुए।*

श्री वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने भारत समुद्री बीमा पूल के गठन को मंजूरी दे दी। इस घरेलू बीमा पूल के लिए 12 हजार 980 करोड़ रुपये का एक सॉवरेन गारंटी फंड बनाने का निर्णय लिया गया है। यह फंड समुद्री जोखिमों से निपटने और भारतीय जहाजों को बीमा सुरक्षा कवच के रूप में काम करेगा। श्री वैष्णव ने कहा कि आर्थिक मामलों की मंत्रिमण्डल समिति ने आज 24 हजार 815 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली दो रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी।

*************************************************************************

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने आज महिला आरक्षण विधेयक पर कांग्रेस नेता, प्रियंका गांधी की टिप्पणियों की निंदा की। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में श्री प्रसाद ने कहा कि परिसीमन के बिना लोकसभा या विधानसभा में सीटों से संबंधित कोई संशोधन संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जनगणना में काफी समय लगता है, इसलिए परिसीमन, पिछली जनगणना के आधार पर किया जा सकता है।

भाजपा नेता, स्मृति ईरानी ने भी कांग्रेस पर देश की महिलाओं की उम्मीदों को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को याद होगा कि एनडीए सरकार के दौरान पहला लैंगिक बजट ढांचा पेश किया गया था। उन्होंने कहा कि उन्हें यह भी याद

होगा कि कांग्रेस शासन के दौरान, 25 करोड़ महिलाओं को बैंक खाते खोलने में सहायता नहीं दी गई और 11 करोड़ महिलाओं को शौचालय सुविधा से वंचित रखा गया।

इससे पहले नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस नेता, प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि कल महिला आरक्षण विधेयक पारित न होना बहुत बड़ी जीत है। उन्होंने कहा कि संघीय ढांचे को बदलने और लोकतंत्र को कमजोर करने के सरकार के प्रयास को विफल कर दिया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन और महिला आरक्षण का उपयोग करके, भाजपा अपने लाभ के लिए निर्वाचन क्षेत्रों को फिर से निर्धारित करना चाहती है।

**********************************************************************

महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक के पारित न होने पर कहा कि कांग्रेस का रुख महिलाओं के हितों के खिलाफ प्रतीत होता है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में उन्होंने कहा कि देश भर की महिलाएं बड़ी उम्मीदों से देख रही थीं।

*कांग्रेस महिला विरोधी है और कांग्रेस ने बहुत ही गलत किया है। पूरे हिन्दुस्तान की महिलाएं बहुत उम्मीदभरी निगाहों से देख रही थी। 2029 में उनको आने से रोका है। जिस तरह से इन्होंने विरोध किया है आने वाले समय में महिलाएं कहीं का इनको नही छोडेंगी।*

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ईएसआई स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या भ्रष्टाचार को सहन नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने हरियाणा में ईएसआई स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था की समीक्षा बैठक में पानीपत के ईएसआई अस्पताल से जुड़े मामलों पर गंभीर चिंता व्यक्त की और अधिकारियों को उन छह निजी अस्पतालों को तुरंत डी-पैनल किए जाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर अमल करते हुए विभाग ने अस्पतालों को नोटिस जारी कर दिया है।

काबिले गौर है कि इन अस्पतालों ने वर्ष 2020-21 से 2023-24 के दौरान अत्यधिक रेफरल किए थे और रेफरल प्रपत्रों पर चिकित्सकों के हस्ताक्षरों में गड़बड़ी पाई गई। इस पूरे प्रकरण में संलिप्त पानीपत ईएसआई अस्पताल के संबंधित 3 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ में ही 5 चिकित्सा अधीक्षकों के खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

मुख्यमंत्री ने इस मामले की निष्पक्ष और गहन जांच के लिए भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो -एसीबी) को जिम्मेदारी सौंपने और प्रदेश भर में ईएसआई के पैनल पर शामिल अन्य 133 निजी अस्पतालों के रिकॉर्ड की भी एसीबी द्वारा जांच करवाने के निर्देश दिए हैं।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पानीपत ईएसआई अस्पताल की क्षमता 75 बेड से बढ़ाकर 100 बेड करने तथा वहां ऑपरेशन थिएटर का विस्तार करने के निर्देश भी दिए हैं। इसी प्रकार जगाधरी ईएसआई अस्पताल को 80 से 100 बेड और हिसार ईएसआई डिस्पेंसरी को 12 से बढ़ाकर 50 बेड करने की हिदायत की गई है। ।

मुख्यमंत्री ने बावल और बहादुरगढ़ में निर्माणाधीन 100-100 बेड के ईएसआई अस्पतालों का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

*********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रात साढे आठ बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे। महिला आरक्षण से जुडे संविधान संशोधन विधेयक गिर जाने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री यह संबोधन कर रहे हैं। विपक्षी दलों द्वारा समर्थन नहीं मिलने के कारण महिला आरक्षण विधेयक दो तिहाई बहुमत पाने में असफल रहा। इस कारण लोकसभा में इसे पारित नहीं करवाया जा सका। परिसीमन के माध्यम से महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने से जुड़ा प्रस्तावित कानून लंबी बहस के बाद पारित नहीं हो सका।

*********************************************************************

हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने महिला आरक्षण संबंधी संशोधन विधेयक का विपक्ष द्वारा विरोध किए जाने की आलोचना की है। आज जींद में मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सदन में इस बिल का गिरना विपक्ष की महिलाओं के प्रति मानसिकता को दर्शाता है।

मीडिया के एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि अधिकारियों के साथ हुई बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा जींद में की गई घोषणाओं को जल्द लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे पहले उन्होंने “जनता दर्शन” कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याएं भी सुनी।

*********************************************************************

पलवल पुलिस ने शहर में हुई लाखों की सोना व नगदी की लूट की वारदात के अंतरराजीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के सरगना सहित 6 आरोपियों को काबू कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने आज एक पत्रकार वार्ता में बताया कि इस गिरोह ने पलवल में एक व्यापारी के घर में लूट की वारदात को अंजाम दिया था। जिसमें 300 ग्राम सोना व लगभग 30 लाख रुपए नगदी लूटी गई थी।

**********************************************************************